# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर


क्रमांकः एफ.2(7056)सूप्रौ/संस्था/16/ 03881/2018 जयपुर, दिनांक 16/10/2018

समस्त सहायक प्रोग्रामर / सूचना सहायक

विषयः– विनिर्दिष्ट क्षेत्र [Scheduled Area] डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ व उदयपुर जिले के विनिर्दिष्ट क्षेत्र तथा सिरोही जिले की आबूरोड तहसील में पदस्थापन / स्थानान्तरण हेतु।

कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ.2(1)डीओपी/ए–II/2014 दिनांक 28.01.2014 व कार्मिक विभाग द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों / दिशा–निर्देशों के अनुसरण में राजस्थान कम्प्यूटर अधीनस्थ सेवा के समस्त कर्मचारियों (सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक) से विनिर्दिष्ट क्षेत्र में पदस्थापन / स्थानान्तरण हेतु विकल्प पत्र भरवाये जाने है।

विभाग द्वारा दिनांक 02.02.2015 एवं 24.03.2015 को विकल्प पत्र मांगे गये थे। जिन कार्मिकों के द्वारा पूर्व में विकल्प पत्र प्रेषित किये गये थे, उनके द्वारा भी विकल्प पत्र पुनः भरा जाना है परन्तु जिन कार्मिकों के द्वारा विदिर्निष्ट क्षेत्र में रहने का विकल्प भरा गया था, उनके द्वारा विदिर्निष्ट क्षेत्र से बाहर जाने का विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।

समस्त सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायकों को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त (संलग्न प्रपत्र के अनुसार) विकल्प पत्र आवश्यक पूर्ति कर विभाग को व्यक्तिगत रूप से / डाक से / फैक्स से / विभागीय ई–मेल आई.डी. oic.estt@rajasthan.gov.in के माध्यम से आदेश जारी होने की दिनांक से 10 दिवस के भीतर आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।**

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

(हंसराज यादव)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपी निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं आयुक्त, सू.प्रौ.और संचार विभाग, जयपुर।
2. समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष.......................................................................।
3. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
4. समस्त एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक) / प्रोग्रामर, कार्यालय एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक) सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जिला मुख्यालय/ब्लॉक मुख्यालय को प्रेषित कर लेख है कि जिला मुख्यालय / ब्लॉक मुख्यालय में पदस्थापित सहायक प्रोग्रामर्स / सूचना सहायकों को विकल्प पत्र भरे जाने के सम्बन्ध में सूचित करावें।
5. रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

## विकल्प पत्र

[विनिर्दिष्ट क्षेत्र [Scheduled Area] डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ व उदयपुर जिले (विनिर्दिष्ट क्षेत्र) तथा सिरोही जिले की आबूरोड तहसील में पदस्थापन / स्थानान्तरण हेतु]

मैं ..........................................................................[नाम] ...........................................................................[पद] वर्तमान में ..........................................................................[पदस्थापन स्थान] पर कार्यरत हूँ। मैं अपना पदस्थापन / स्थानान्तरण विनिर्दिष्ट क्षेत्र [Scheduled Area] के ..........................................................[जिले का नाम] में करवाना चाहता हूँ।

[विनिर्दिष्ट क्षेत्र में जिलों में यदि किसी स्थान विशेष की वरीयता है तो उल्लेख कर सकते है।]

हस्ताक्षर

नाम –

पद –

स्थान –

[नोटः– यदि कोई कर्मचारी पहले से विनिर्दिष्ट क्षेत्र में कार्यरत है तथा विनिर्दिष्ट क्षेत्र में ही कार्यरत रहना चाहता है तो वह भी विकल्प पत्र भरें।]